हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026

06 बैराज और स्टॉप डैम से होगी 1200 हेक्टेयर...



07 मां ने 4 मासूम बच्चियों को कुएं में फेंकर ...





## खबर संक्षेप

### आज जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा

**विदिशा।** शीतलधाम में चल रहे उत्सव में शुक्रवार को जन्म कल्याणक महामहोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः 6 बजे से मांगलिक क्रियाएं प्रारंभ होंगी तथा 6:18 बजे आदिकुमार का जन्म हो जाएगा, 7:15 बजे मुनि श्री की देशना होगी तथा 9 बजे जन्म कल्याणक का भव्य जुलूस कार्यक्रम स्थल आयोध्या नगरी से निकलकर नगर में भ्रमण करेगा एवं पांडुक शिला पर बालक आदिकुमार का जन्माभिषेक संपन्न होगा। मध्यकाल में बाल क्रीडा आदि के दृश्य दिखाये जाएंगे। संध्याकाल में महाआरती तथा रात्रि में महाराजा नाभिराय के दरबार का आयोजन होगा। पंचकल्याणक महोत्सव समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में समयानुसार उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### मेधावी योजना में ब्लॉक के 40 विद्यार्थी चयनित

**ग्यारसपुर।** केंद्र सरकार की एनएमएमएस अर्थात नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप योजना के तहत कक्षा 8वीं के मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित परीक्षा के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए हैं।
इसमें शासकीय संदीपनी विद्यालय ग्यारसपुर के 24 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। 40 छात्र अन्य स्कूलों के चयनित हुए हैं।
इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा प्रति वर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति चार वर्षों तक प्रदान की जाती है। विद्यालय के प्राचार्य ज्योति प्रकाश नेमा ने बताया कि घोषित परिणामों में विदिशा जिले में 122 विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें से ग्यारसपुर ब्लॉक के 64 विद्यार्थी शामिल है। इन विद्यार्थियों ने संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एनएमएमएस परीक्षा दिसंबर 2025 में आयोजित की गई थी। सभी विद्यार्थियों को बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार एवं स्कूल के शिक्षकों के द्वारा बधाई शुभकामनाएं दी गई है।

### बस बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर घायल

**शमशाबाद।** सापन नदी के पुल पर एक यात्री बस और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार डंगरवाड़ा निवासी रितिक लोधी और लल्लू लोधी मोटर साइकिल से अपने गांव से शमशाबाद दैनिक मजदूरी करने आ रहे थे। इसी दौरान सापन नदी के पुल पर एक यात्री बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। दोनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल विदिशा रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शहर के बायपास पर चल रहे निर्माण कार्य में बाधा बने अतिक्रमण को हटाया

# हाईवे पर एसडीएम ने व वनविभाग ने वनभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

नेशनल हाईवे द्वारा सागर-भोपाल हाईवे के विदिशा बायपास पर निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासनिक अमला पहुंचा। एसडीएम क्षितिज शर्मा की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई लेकिन विरोध का सामना करना पड़ा। प्रशासन को पुलिस बल बुलाना पड़ा।

नेशनल हाईवे द्वारा भोपाल सागर हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत मिर्जापुर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के साथ जल निकासी के लिए नाली निर्माण की योजना है। कार्रवाई के दौरान प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और हाईवे किनारे बने कुछ निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में पहले से बने कुछ निर्माण कार्य हाईवे की जमीन में आ रहे थे। जिनके लिए एनएचएआई द्वारा संबंधित लोगों को मुआवजा भी दिया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि जितनी जमीन का मुआवजा मिला था, उतने हिस्से में बने निर्माण को वे पहले ही तोड़ चुके हैं। उनका आरोप है कि अब प्रशासन अतिरिक्त जमीन पर बने निर्माण को भी हटाने की कोशिश कर रहा है, जिसका मुआवजा उन्हें नहीं दिया गया है। कार्रवाई के दौरान एसडीएम क्षितिज शर्मा खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की दो बार नपती कराई जा चुकी है और जिस जमीन का मुआवजा दिया गया है उसी के अनुसार निर्माण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।





**विदिशा।** विदिशा हाईवे बायपास पर अतिक्रमण हटाने पहुंचा अमला। दूसरे फोटो में शमशाबाद में वनभूमि से अतिक्रमण हटाते हुए वनअमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वन परिक्षेत्र शमशाबाद अंतर्गत वन भूमि पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत के निराकरण के तहत अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास के नेतृत्व में की गई।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम बांसखोह स्थित कंपार्टमेंट क्रमांक 274 में खेतों में अवैध रूप से बनाए गए चार कुओं को चिन्हित किया गया। जांच के बाद वन विभाग की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से जेसीबी मशीन की सहायता से खेतों में अवैध रूप से खोदे गए सभी कुओं को मिट्टी से भरवाकर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान वन विभाग के अमले ने मौके पर मौजूद ग्राम बांसखोह के ग्रामीणों को समझाइश देते हुए बताया कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण, निर्माण या गतिविधि करना कानूनन अपराध है। ग्रामीणों को भविष्य में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कार्य नहीं करने की हिदायत दी गई। वन विभाग ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में आगामी समय में पौधारोपण (प्लांटेशन) किया जाना प्रस्तावित है, जिससे वन क्षेत्र का संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाया जा सके। विभाग ने स्पष्ट किया कि वन भूमि की सुरक्षा और संरक्षण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# आप ने नवनियुक्त पदाधिकारियों में ऊर्जा भरने के लिए किया आयोजन

## आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों का सम्मान किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आम आदमी पार्टी में नवनियुक्त पदाधिकारियों में ऊर्जा का संचार करने क लिए विदिशा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जिले से सात लोगों को प्रदेश में जगह दी गई है। जिले के वरिष्ठ नेता भगवत सिंह राजपूत को पहले ही प्रदेश अनुसाशन समिति में अध्यक्ष बनाया गया। जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा के साथ 60 अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा हुई है। जिसमें 12 अनुसांगिक संगठनों के जिला अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव तथा संगठन मंत्री, कोषाध्यक्ष, संभाग मीडिया प्रभारी, जिला मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारी तथा अनुसांगिक संगठनों में लगभग पच्चीस अन्य पदाधिकारी बनाये गए हैं। इन पदाधिकारियों को प्रदेश अनुसाशन समिति के प्रदेश अध्यक्ष भगवत सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष व जोन प्रभारी आरपी द्विवेदी, प्रदेश संगठन मंत्री व संभाग प्रभारी एसपी सिंह, प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी सज्जाद हुसैन, प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी शैली छाबड़ा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मिन्हाज आलम खान, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष भारती जैन, भोपाल जिला अध्यक्ष हरीश पाठक ने किया। इस अवसर पर डॉ आरपी द्विवेदी ने कहा कि हम सब को जो जिम्मदरियां मिली हैं उन्हें हम पूरी शिद्दत के सांथ निभाएं। आगामी निकाय चुनाव व विधानसभा चुनाव में पार्टी पूरी ताकत के साथ उतरेगी। इसलिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। भगवत सिंह राजपूत ने कहा कि हम सब को अनुशासन में रहकर पार्टी के काम में लग जाना है। एसपी सिंह ने कहा कि संगठन मजबूत होगा तो हमें आगामी चुनावों में अच्छी सफलता मिलेगी। इसलिये संगठन को बूथस्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता है।

## शिक्षकों को नौकरी करते बीत चुके हैं 20 से लेकर 30 वर्ष तक

# शिक्षकों को टीईटी परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य किए जाने के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सुप्रीम कोर्ट द्वारा भारत के सभी राज्यों में नियुक्त शिक्षकों को जिन्होंने टीईटी परीक्षा पास नहीं की है उन्हें 2 साल के अंदर यह परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। नहीं तो उनको अपनी सेवा से पृथक कर दिया जाएगा। इस फरमान से शिक्षक वर्ग में जमकर नाराजगी है और प्रभावित शिक्षक आंदोलन करने का मन बना चुके हैं।

शिक्षकों का कहना है कि नौकरी करते हुए लगभग 20 से 30 वर्ष हो चुके हैं और इतनी सेवा करने के बाद यह परीक्षा कराना उचित नहीं है। क्योंकि इन शिक्षकों द्वारा पढ़ाया गए बच्चे आज कलेक्टर एसपी तहसीलदार शिक्षक पटवारी आरक्षक आदि अनेक पदों पर नियुक्त हो गए हैं, और इनकी काबिलियत पर शक किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट अपना निर्णय वापस ले इस संबंध में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम विदिशा जिले के लगभग सभी संगठन एवं अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा भी उनके साथ देने की बात कही गई है। ज्ञापन शुक्रवार को शाम 5:30 बजे स्वामी विवेकानंद चौराहे पर सभी शिक्षक उपस्थित होकर कलेक्ट पहुंचकर कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रांतीय शिक्षा संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने कहा है कि सभी शिक्षक और संगठन एक होकर इस ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील करने वालों में राजेंद्र राय, सुदामाप्रसाद शर्मा, जावेद अहमद, गोविंद तिवारी, राकेश सोनी, रामकुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, बृजमोहन शर्मा, रमेश कुमार आर्य, कमलेश सेन, संतोष शर्मा, मांगीलाल महेश्वरी, रूपसिंह अहिरवार, रामप्रसाद अहिरवार, मुकेश रघुवंशी, बलवीर सेन, आदि प्रमुख है।

### 15-16 मार्च को भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग लगेगा

**कुरवाई।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान अंतर्गत भाजपा कुरवाई के सभी मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में गुरुवार को कुरवाई विधायक कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के ठहरने, भोजन, पंजीयन, मंच व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह सप्रे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी,विनोद जैन एवं मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में व्यवस्था टोली के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं की सहभागिता अपेक्षित है।

# सेवा भारती की साधारण सभा में कार्यकारिणी गठन और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सेवा भारती विदिशा जिले की साधारण सभा की बैठक संघ कार्यालय अरिहंत विहार में आयोजित की गई। बैठक में संगठन द्वारा संचालित सेवा कार्यों की समीक्षा की गई तथा पूर्व में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

इसके साथ ही आने वाले समय में समाजहित में किए जाने वाले सेवा कार्यों और आगामी योजनाओं को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निधि संग्रह अभियान चलाने तथा संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय भी लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि सेवा भारती समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा कार्य पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है और इसके लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष किरण शेजवार एवं विभाग प्रचारक सौरभ सिंह का मार्गदर्शन



प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेवा कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम हैं और सेवा भारती के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का कार्य निरंतर बढ़ाया जाना चाहिए। बैठक में सेवा भारती विदिशा जिले के विभाग सह प्रमुख ओमप्रकाश साहू, जिला अध्यक्ष राजेश माथुर, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष आनंद शरण, उपाध्यक्ष वर्षा अग्रवाल, राजमाला बघेल, सचिव मयंक टोक, विभाग समन्वयक राजेश भार्गव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने निकाला तीन किलो का ट्यूमर

## सोमवार से लेकर शनिवार तक विशेष ओपीडी क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं

**पचास वर्षीय महिला की जांघ में 20x15 सेंमी का ट्यूमर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में बेहतर उपचार और ऑपरेशन के मामले में मरीजों का भरोसा जीतने में लगातार सफल होता जा रहा है। शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में हड्डी रोग विभाग से लेकर सर्जरी और नेत्र रोग, मेडिसिन विभाग मरीजों के उपचार में कोई कमी नहीं रख रहे हैं।
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध अस्पताल विदिशा के शल्य रोग विभाग में एक 50 वर्षीय महिला के जांघ में पाए गए लगभग 20×15 सेंटी मीटर आकार और करीब 3 किलोग्राम वज़न के दुर्लभ सॉफ्ट टिश्यू ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया। जांच में यह स्पिंडल सेल नियोप्लाज्म होने की आशंका पाई गई थी। सर्जरी कर ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया तथा मरीज की स्थिति अब स्थिर है। यह ऑपरेशन डॉ आरके सिंह, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर के मार्गदर्शन में तथा डॉ आकाश जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर की देखरेख में सर्जरी विभाग की टीम द्वारा किया गया। सर्जरी विभाग में मरीजों की बेहतर सुविधा के लिए विशेष ओपीडी क्लीनिक भी संचालित किए जा रहे हैं।
सोमवार को पीडियाट्रिक सर्जरी क्लीनिक। मंगलवार को ब्रेस्ट कैंसर क्लीनिक। बुधवार को प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक। गुरुवार को गैस्ट्रो सर्जरी क्लीनिक। शुक्रवार को बवासीर, फिशर, फिस्टुला एवं यूरो सर्जरी क्लीनिक। शनिवार एंडोक्राइन सर्जरी क्लीनिकइन विशेष ओपीडी के माध्यम से मरीजों को विभिन्न सर्जिकल रोगों की विशेषज्ञ जांच और उपचार की सुविधा मिल रही है।

# तहसीलदार ने खेत पर पंजीयन सत्यापन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर होने वाले उपार्जन को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के पालन में नटेरन तहसीलदार आनंद जैन द्वारा ग्राम आमखेड़ा कालू एवं सेऊ के कृषक शिवराज सिंह मीणा, बहादुर सिंह धाकड़ के सिकमी पंजीयन एवं नवीन किसान पंजीयन की जांच की गई। उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। इसके लिए



राजस्व अमले द्वारा संबंधित क्षेत्रों में मौके पर पहुंचकर जांच की गई। किसानों के नए पंजीयन, सिकमी पंजीयन का सत्यापन किया और आवश्यक अभिलेखों की जांच भी की गई।

# पानी की नई टंकी बनने के बाद पेयजल समस्या का समाधान होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

वार्ड क्रमांक 32 में अमृत 2.0 योजना के तहत बन रही 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने निरीक्षण किया।
नपाध्यक्ष शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशाल टंकी का निर्माण होने से वार्ड क्रमांक 32 सहित सागर पुलिया क्षेत्र की पेयजल समस्या का समाधान हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश



दिए गए। यह पानी की टंकी तैयार होने के बाद वार्ड सहित आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही निर्माण कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि श्री राजू दांगी जी एवं पीएचई शाखा के जल प्रभारी रामप्रकाश जायसवाल जी उपस्थित रहे।

# भौतिकता की चकाचौंध में भटक रही है वर्तमान की युवा पीढ़ी: मुनिश्री संभवसागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

निर्यापक श्रमण मुनि श्री संभवसागर महाराज ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भौतिकता की चकाचौंध में आकर अपने मूल संस्कारों से दूर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि गर्भ संस्कार और माता-पिता की जिम्मेदारी को समझना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुनि श्री पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आयोजित गर्भ कल्याणक उत्तरार्ध में प्रातःकालीन धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजकल माताओं



में गर्भ से संबंधित अनेक समस्याएं देखने को मिल रही हैं, जिसका मुख्य कारण असंतुलित दिनचर्या और अशुद्ध खान-पान है। गर्भधारण के बाद माता को न केवल गर्भस्थ शिशु की देखभाल करनी चाहिए, बल्कि अपनी दैनिक चर्या, आहार और विचारों की शुद्धता का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। मुनि श्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे एक किसान अच्छी फसल प्राप्त करने के लिए खेत की जुताई-निराई कर भूमि को शुद्ध करता है, खरपतवार हटाता है और अच्छे बीज बोता है, तभी उत्तम फसल मिलती है। उसी प्रकार आने वाली संतान के लिए भी माता-पिता को अपनी जीवनशैली पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले की माताएं गर्भावस्था में अपने खान-पान, दिनचर्या और मानसिक स्थिति का विशेष ध्यान रखती थीं, जिससे संतानों को उत्तम संस्कार प्राप्त होते थे। लेकिन आज के समय में कई माताएं सुबह से शाम तक मोबाइल में व्यस्त रहती हैं। ऐसे में आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार कैसे मिलेंगे। इस पर समाज को गंभीरता से विचार करना होगा। मुनि श्री ने कहा कि आज बच्चों में जो मानसिक समस्याएं या विकलांगता के मामले बढ़ रहे हैं। माता-पिता की लापरवाही जिम्मेदार है। माता-पिता सावधानियां नहीं बरतते तो उसका दुष्परिणाम संतान को भुगतना पड़ता है। विश्व के सभी धर्म अशुद्धि के समय विशेष सावधानी रखने का संदेश देते हैं।

# संतों की तपोभूमि से सजे दो घरों के सपने, समाज के सहयोग से लिखी नई इबारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आमतौर पर संतों के आश्रमों में कथा, भजन और भंडारे के ही आयोजन अभी तक श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम जन देखते आए हैं, लेकिन शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर ग्राम गुफा मासेर की ऊंची पहाड़ी पर मौजूद आश्रम की सिद्ध तपोभूमि में गुरुवार को संतों की करुणा का ऐसा दृश्य सामने आया, जहां भजन संकीर्तन और विवाह के वैदिक वैवाहिक परंपरा की रस्मों के संग मंगल गीतों की पावन ध्वनि के बीच एक निर्धन परिवार की कन्या का विवाह कराकर संतों ने समाज के सहयोग से मानव सेवा का अद्भुत संदेश दिया। गौरतलब है कि इस पहाड़ी पर सैकड़ों सालों से राम नाम कीर्तन चल रहा है, लेकिन अब वह ग्रामीण और संत नहीं रहे जो यह बता सकें कि कीर्तन कितनी पुरानी है लेकिन जिनको याद है वह यह बताते हैं कि 40-50 साल से तो वह देखते आ रहे हैं बिना रुके 24 घंटे 12 महीने अखंड संगीतमय श्री सीताराम नाम संकीर्तन निरंतर गूंज रहा है। ग्राम गुफा मासेर की करीब 500 से 700 वर्ष पुरानी सिद्ध संतों की इस पावन तपस्थली में गुरुवार को शहनाई और मंगल गीतों की ध्वनि गूंज रही थी और हरे मंडप के नीचे सात फेरे हो रहे थे। इस विवाह की सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि दहेज से लेकर भोजन, पकवान, स्वागत-



सत्कार और बारातियों की सेवा तक की सारी व्यवस्था संतों की देखरेख में समाज ने मिलकर संभाली। देवेंद्र सिंह रघुवंशी, गंगाराम कुशवाह, अन्नू यादव, राजू विश्वकर्मा, रिंकू रघुवंशी, जीवन पाल सहित आश्रम के अन्य सेवक और ग्रामीण सेवा में जुटे रहे। देवेंद्र रघुवंशी ने बताया कि 2025 में भी ग्राम देहलाखेड़ी निवासी राकेश बाल्मीकि की बिटिया का विवाह भी गुरु गादी आश्रम से संत कृपा और समाज के सहयोग से धूमधाम से संपन्न हुआ था। वैवाहिक रस्मों के दौरान एक भावुक दृश्य तब देखने को मिला जब आसपास के गांवों के संपन्न परिवारों की महिलाएं बेटी के पांव पखारने की परंपरा निभाने के लिए कई किलोमीटर पैदल चलकर आश्रम पहुंचीं। ग्राम सतपाड़ा कला से चलकर आई परशुराम कुशवाह के सुपुत्र अरुण कुशवाह की बारात जब डीजे और बैंड बाजों के साथ गुफा मासेर गांव की गलियों से निकलकर ऊंची पहाड़ी पर स्थित आश्रम पहुंची तो उत्सव का दृश्य बन गया। दूल्हे ने सबसे पहले गुरुगादी परंपरा के सिद्ध संतों की बैठक को प्रणाम किया और फिर आश्रम के महंत पूज्य हनुमान दास के चरणों में शीश रखकर आशीर्वाद लिया। दूल्हे के साथ-साथ सतपाड़ा कला निवासी शिवनारायण कुशवाह की सुपुत्री राखी कुशवाह ने भी संतों को प्रणाम किया। संतों के समक्ष में ही दूल्हा अरुण कुशवाह ने दुल्हन राखी कुशवाह के गले में वरमाला पहनाई। वरमाला के दौरान संत दोनों के वैवाहिक मंगल जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दे रहे थे। वहीं महिलाएं राम जी के विवाह के मंगल गीत गाकर आनंदित थीं दूल्हे के दोस्त डीजे, ढोल और बैंड बाजों धुन पर नाचते हुए उत्साहित थे। विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद दोनों पक्षों के माता-पिता की आंखों में संतोष और कृतज्ञता के आंसू दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उनके बच्चों का विवाह इतनी पवित्र संत भूमि में, इतने सम्मान और स्नेह के साथ संपन्न होगा। उन्होंने गुरु गादी के संतों के आशीर्वाद और समाज के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। दोनों परिवारों ने भावुक होकर कहा कि जिस तपोभूमि पर वर्षों से भक्ति और संकीर्तन की धारा प्रवाहित हो रही है, वहीं उनके बच्चों का घर बसना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह विवाह उनके जीवन की ऐसी स्मृति बन गया है जिसे वे जीवन भर श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ याद करेंगे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4290
उच्चतम भाव-5600
सरसों
न्यूनतम भाव -4620
उच्चतम भाव- 6700
चना
न्यूनतम भाव -1500
उच्चतम भाव- 5460
मसूर
न्यूनतम भाव-4015
उच्चतम भाव-7300
शरबती
न्यूनतम भाव-2691
उच्चतम भाव-3030
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-2600
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2100
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3382
तुअर
न्यूनतम भाव-6900
उच्चतम भाव-6900
धनिया
न्यूनतम भाव-7800
उच्चतम भाव-8700
धान
न्यूनतम भाव-1680
उच्चतम भाव-3925
बटरी
न्यूनतम भाव-2201
उच्चतम भाव-4475
मक्का
न्यूनतम भाव-1045
उच्चतम भाव-1552
ज्वार
न्यूनतम भाव-3530
उच्चतम भाव-3530

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 14406 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

### किसानों ने की थी स्टॉप डेम की मांग, विधायक ने शुरु की कवायद, भेजेंगे प्रस्ताव

# बैराज और स्टॉप डैम से होगी 1200 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित:विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सरकार खेती को फायदे का धंधा बनाने के लिए पूरा सफल प्रयास कर रही है। सरकार हर किसान के साथ कंधे से कंधे और कदम से कदम मिलाकर चल रही है। जिसके लिए किसानों के लिए नई-नई योजनाएं संचालित कर रही है। सरकार हर खेत तक पानी पहुंचाने का संकल्प पूरा कर रही है जिसके तहत जगह-जगह बृहद बांध परियोजना, बैराज परियोजना, स्टॉप डैम, बलराम तालाब, अमृत सरोवर और कई सिंचाई की योजनाएं संचालित कर रही हैं। जिससे लगातार सिंचाई का रकबा बढ़ता जा रहा है। जिससे किसान मजबूत और सशक्त हो रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र में भी सिंचाई के नए-नए आयाम स्थापित किया जा रहे हैं। किसानों की हर मांग को पूरा करने और उनकी उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरना मेरा एकमात्र मकसद है। जिसके लिए मैं सदैव सदैव तत्पर हूं। उक्त उद्गार विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने भ्रमण के दौरान व्यक्त किये। विधायक गुरूवार को आला अधिकारियों के साथ ग्राम डाबर पहुंचे। जहां केवटन नदी के डाबर सनाई रामपुर की पठार पर बैराज डैम बनाए जाने वाले प्रस्तावित स्थल का मुआयना किया। विधायक ने नदी के घाट पर अधिकारियों, इंजीनियरों और किसानों से सीधा संवाद कर बहु प्रतीक्षित मांग पर चर्चा की। विधायक ने बताया कि केवटन नदी के डाबर सनाईरामपुर की पठार पर बैराज डैम और खानवा नदी पर ग्राम मूड़री में स्टॉप डैम बनाए जाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। जिसमें केवटन नदी के डाबर सनाईरामपुर की पठार पर बैराज डैम परियोजना से ग्राम डाबर, सियारी, बरखेड़ा, बसरिया, मोरोदा, कालापाठा, डफ़रयाई आदि ग्रामों की लगभग 800 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। खानवा नदी पर ग्राम मूडरी में स्टॉप डैम परियोजना से आसपास के ग्रामों की करीब 400 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। दोनों परियोजनाओं से क्षेत्र के कई किसानों को लाभ मिलेगा। वहीं हजारों किसानों के निजी जल स्त्रोतों का जल स्तर बढ़ने से सिंचाई में इजाफा होगा। साथ ही जल स्तर बढ़ने से ग्रामीण अंचल को जल संकट से मुक्ति मिलेगी। ज्ञात हो कि इन क्षेत्रों में भूमिगत जल स्तर बहुत नीचे और कम होने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए परेशान होना पड़ता है। जिससे किसानों की फसले प्रभावित होती है जिसके चलते किसानों ने विधायक से बैराज डैम और स्टॉप डैम की मांग की थी। विधायक ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र मांग को पूरा किया जाएगा। इसके लिए वह मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर उक्त मांग को स्वीकृत करवाएंगे। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने आला अधिकारियों के साथ पिपरिया मध्यम सिंचाई परियोजना का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों, ठेकेदार और मौजूद कर्मचारियों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में बेहतर काम करने की हिदायत भी दी।

# आंगनबाड़ी केन्द्र पर विधिक साक्षरता शिविर संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत 12 मार्च को वार्ड नंबर 7 में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन विमलेश मुड़ैया व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर को न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए महिला के अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम, दहेज़ प्रतिषेध अधिनियम, निःशुल्क विधिक सेवा सहायता के संदर्भ में जानकारी से उपस्थितों को अवगत कराया। शिविर में अमित अहिरवार अधिवक्ता, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, अधिवक्ता राजेश सक्सेना, पीएलवी सुनील राजपूत, पीएलवी आरती कुशवाह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रीति मिश्रा, राहुल शर्मा आरक्षक, सुमित अवस्थी आरक्षक शहर थाना सहित बडी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट का होली मिलन समारोह 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री रघुवंश परमार्थ सेवा ट्रस्ट द्वारा रंगपंचमी और होली उत्सव के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन आगामी 15 मार्च रविवार दोपहर 3 बजे रखा गया है। यह कार्यक्रम बरेठ रोड स्थित रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष रामकृष्ण रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान सभी स्वजातीय बंधु एकत्रित होकर होली और रंगपंचमी का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाएंगे। समारोह में आपसी प्रेम और भाईचारे के प्रतीक के रूप में सभी को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी जाएंगी। वहीं समाज के उत्थान, विकास एकता को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की जाएगी। उन्होंने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है, ताकि इस पावन पर्व के माध्यम से समाज में एकता, प्रेम और सौहार्द का संदेश और मजबूत हो सके।

### प्रतिदिन हो रही बिजली की कटौती से लोगों में रोष

**गंजबासौदा।** इन दिनों विद्युत कंपनी द्वारा नगर में बगैर सूचना के देर तक बिजली का प्रदाय बंद रखा जा रहा है। जिससे गर्मी के मौसम में विद्युत उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को भी पचमा बायपास, बरेठ रोड सहित अन्य क्षेत्रों में सुबह से लेकर शाम तक दिन में कई बार देर तक बिजली प्रदाय बंद रहा। विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि विगत एक सप्ताह से नगर के अलग अलग हिस्सों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कई घण्टों तक बिजली काटी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### आटासेमर में लगा समाधान शिविर



**गंजबासौदा।** विद्युत कंपनी द्वारा इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में समाधान योजना शिविर लगाए जा रहे हैं। जिनमें उपभोक्ताओं के बिलों एवं विद्युत संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए उनके बकाया बिल राशि को जमा कराया जा रहा है। गुरूवार को त्योंदा के जेई उपदेश यादव के मार्गदर्शन में ग्राम आटासेमर सहित अन्य गांवों में शिविर लगाए गए। जिनके माध्यम से ग्रामीणों को बताया गया कि बकाया बिल राशि पर सौ फीसदी अधिभार माफ किया जा रहा है। इसलिए बकाया राशि शीघ्र जमा कराएं। राशि जमा न होने पर विद्युत प्रदाय बंद किया जा सकता है। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत कंपनी की योजनाओं की जानकारी दी गई।

### गैस एजेंसी की जांच करने पहुंचे अधिकारी

**गंजबासौदा।** गुरुवार दोपहर 2 बजे वार्ड क्रमांक 12 स्थित बासौदा गैस एजेंसी पर प्रशासनिक अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार अरविंद यादव और सहायक खाद्य अधिकारी पिंकी शाक्य मौके पर मौजूद रहीं। अधिकारियों ने गैस सिलेंडर के स्टॉक और उसकी आपूर्ति व्यवस्था की गहनता से जांच की। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गैस एजेंसी पर उपलब्ध स्टॉक की जानकारी लेना और यह सुनिश्चित करना था कि उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है या नहीं। अधिकारियों ने विशेष रूप से कालाबाजारी रोकने के उपायों पर ध्यान केंद्रित किया। तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि कलेक्टर के आदेश पर शहर की सभी गैस एजेंसियों की जांच की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि बुकिंग के बाद पूरे वेरिफिकेशन के साथ नियमानुसार ही गैस की आपूर्ति की जाए। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसीलदार ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि घरेलू गैस की पर्याप्त व्यवस्था है और उन्हें किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि एजेंसी द्वारा नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की पूर्ति की जा रही है। हालांकि नगर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी की समस्या सामने आ रही है। कई छोटे दुकानदार, गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण परेशान हैं।

# पाठक संघ ने पुण्य तिथि, जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वाधान में सावित्रीबाई फुले की भारत की पहली महिला शिक्षिका की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की यह 195 वीं पुण्यतिथि है। सावित्रीबाई के पति ज्योतिबा फुले ने उन्हें शिक्षित किया। 1848 में उन्होंने पति के सहयोग से पुणे में भारत का पहला महिलाओं के लिए स्कूल खोला। उस समय महिलाओं की शिक्षा की वकालत करने के कारण उन्हें सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया गया था। सावित्रीबाई ने तमाम बाधायों के बावजूद सभी महिलाओं को शिक्षित करने के लिए संकल्प लिया और अपने कार्यकाल में उन्होंने पूरे देश में 18 स्कूल स्थापित किये । इस अवसर पर सुनील, कैलाश नेमा, बबलू राय उपस्थित थे। अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा कहा गया कि तेलंगाना में सावित्रीबाई फुले की स्मृति में महिला शिक्षिका दिवस के रूप में उनकी जयंती मनाई जाती है। इस मौके पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय माधव राव सिंधिया की जयंती भी मनाई गई।

### गमाखर सेक्टर पर कार्यक्रम आयोजित

# एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण गुरुवार को नवांकुर चयनित संस्था मां शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा हरदूखेडी पंचायत भवन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह लोधी कार्यालय मंत्री एवं जितेन्द्र मीणा जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी एंव सरपंच अशोक कुमार कुशवाह, सचिव चर्तुभुज सोनी, परामर्श दाता सीमा शर्मा, जगदीश साहू, अमित शर्मा, श्याम कुमार साध्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने जन अभियान परिषद की अवधारणाएं बताईं। उन्होंने जैविक खेती पर्यावरण प्रदूषण, पौधक्षारोपण जैसे विषयों सहित नर्सरी, वाचनालय, बीएसडब्लू, एमएसडब्लू की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह लोधी ने सामाजिक समृद्धता समरसता की बात कही। जिला उपाध्यक्ष जितेन्द मीणा ने उपस्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति को ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने को कहा। परामर्शदाता सीमा शर्मा ने दस्तावेजीकरण एंव समितियों के गठन का प्रशिक्षण दिया। वहीं आदर्श ग्राम में संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र, वाचनालय पर्यावरण नर्सरी एवं नशा मुक्ति के विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए ग्राम विकास प्रस्तुत समिति कांचरोद, हरदूखेड़ी, गमाखर, करौंदा कला, बमोरी हसनपुर से अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन एवं उपस्थितों का आभार प्रदर्शन मां शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी के हजारीलाल पाटस्कर द्वारा किया गया। इस दौरान अनेक समिति सदस्य एवं बडी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# भगवान आदिनाथ के जन्मोत्सव पर निकली प्रदूषण रहित अहिंसा वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म महोत्सव नगर के सभी जिनालयों में बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्टेशन समाज द्वारा प्रातः काल 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जो कि स्थानीय भगवान महावीर विहार से प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। प्रभात फेरी में श्रद्धालु बैंड की धुन पर भजन गाते और आदिनाथ जयंती के नारे लगाते हुए शामिल हुए। तदोपरांत स्थानीय श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर चंद्रप्रभु कॉलोनी से चांदी की पालकी में भगवान आदिनाथ स्वामी की प्रतिमा को विराजमान कर विमान जी चल समारोह का आयोजन किया गया। वहीं आचार्य श्री विद्यासागर गौ शाला में मूलनायक भगवान आदिनाथ स्वामी के चरणों का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। वहीं नगर के सभी जैन मंदिरों में आदिनाथ जयंती के अवसर पर सामूहिक पूजन एवं आदिनाथ विधान का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे से तारण तरण दिगम्बर जैन पाठशाला प्रांगण से विशाल अहिंसा वाहन रैली का आयोजन किया गया। भगवान आदिनाथ जयंती के अवसर पर सकल जैन समाज के प्रमुख संगठन अभय सेना द्वारा नगर में प्रथम बार प्रदूषण रहित विशाल अहिंसा वाहन रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम अनुभा जैन ने हरी झंडी दिखाकर वाहन रैली का शुभारंभ किया एवं वैश्विक ईंधन संकट के दौरान विश्व शांति के लिए आयोजित प्रदूषण रहित वाहन रैली की सराहना की। अहिंसा वाहन रैली की प्रमुख विशेषता यह थी कि इसमें सिर्फ ई रिक्शा के साथ सिर्फ इलेक्ट्रिक टू व्हीलर वाहनों को ही शामिल किया गया।

प्रत्येक ई रिक्शा पर भगवान आदिनाथ स्वामी द्वारा दिए गए प्रमुख उपदेश सचित्र लगाए गए थे। ज्ञात हो भगवान आदिनाथ स्वामी वर्तमान जैन धर्म के चौबीस तीर्थंकरों में प्रथम तीर्थंकर हैं, जिन्होंने पूरे विश्व को जीवन जीने की कला सिखाई और असी, मसि, कृषि, वाणिज्य, शिल्प और विद्या जैसी कलाओं से जीवन निर्वाह करना सिखाया जिसे वाहन रैली में पोस्टर के मध्यान्य से दर्शाया गया। अहिंसा वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्थानीय नेहरू चौक पर पहुंची जहां सकल जैन समाज के प्रतिनिधियों के साथ अभय सेना के सदस्यों ने विश्व में शांति और अहिंसा के लिए सामूहिक प्रार्थना करते हुए मंगल भावना पढ़ी। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय सिटी थाना एवं देहात थाना पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। शाम को नगर के सभी जैन मंदिरों में रजत दीपों से महाआरती का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सभी जैन मंदिरों में बड़ी संख्या में जैन समाज की महिलाएं, पुरुष, युवक, युवतियां शामिल हुईं।

## खबर संक्षेप



### तहसील कार्यालय में हार्वेस्टर संचालकों की बैठक आयोजित

**सिरोंज।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के आदेश अनुसार तहसील कार्यालय में एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा की उपस्थिति में सिरोंज विकासखण्ड के समस्त हार्वेस्टर संचालको की बैठक आयोजित कर हार्वेस्टर संचालको निर्देशित किया गया कि हार्वेस्टर के साथ एसएमएस प्रणाली का उपयोग करना अनिवार्य है। जिससे कि नरवाई प्रबंधन में कोई समस्या ना आए उक्त बैठक में विकासखंड सिरोंज के 60 हार्वेस्टर संचालक एवं कृषि विभाग एसएडीओ अनुज कुमार धाकड़ उपस्थित रहे। इस अवसर पर शासन के निर्देश अनुसार नरवाई प्रबंधन के लिए विभिन्न यंत्रों की जानकारी भी साझा की गई।

## सागर जिले के केसली थाना अंतर्गत खमरिया गांव की घटना

# मां ने 4 मासूम बच्चियों को कुएं में फेंककर आत्महत्या की घटना में पांचों की मौत, काम के सिलसिले में बाहर था पति

रिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के केसली थाना क्षेत्र के नन्ही देवरी खमरिया गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक महिला ने अपनी चार मासूम बेटियों को कुएं में फेंकने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। मामले की जानकारी गुरुवार दोपहर में सामने आई, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया।

### मृतका और बच्चियों की पहचान

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान सविता बाई (28) पत्नी चंद्रभान लोधी के रूप में हुई है। महिला ने कथित रूप से बुधवार देर रात अपनी चारों बेटियों को घर के पास स्थित कुएं में फेंक दिया।बच्चियों की पहचान इस प्रकार हुई हैः अंशिका (7 वर्ष), रक्षा (5 वर्ष), दीक्षा (3 वर्ष), मनीषा (5 माह) इसके बाद महिला ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



ग्रामीणों के अनुसार घटना के समय महिला का पति चंद्रभान लोधी मजदूरी के सिलसिले में गांव से बाहर गया हुआ था। घर में उसकी सास और ननद मौजूद थीं, जो उस समय सो रही थीं। उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी।बताया जा रहा है कि गुरुवार को जब गांव के लोगों को घटना की जानकारी मिली तो इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही केसली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से कुएं में तलाशी अभियान चलाया गया। अब तक तीन बच्चियों के शव कुएं से बरामद कर लिए गए हैं, जबकि पांच माह की मासूम बच्ची मनीषा की तलाश जारी है। तलाशी के लिए ग्रामीणों और पुलिस की संयुक्त टीम लगातार प्रयास कर रही है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल महिला ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### पुलिस का कहना है कि

परिवार और ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है महिला के मानसिक तनाव, पारिवारिक विवाद या अन्य कारणों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी।

### गांव में शोक का माहौल

इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। चार मासूम बच्चियों की मौत और महिला की आत्महत्या ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया है। हर कोई यह सोचकर हैरान है कि आखिर ऐसी क्या

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बांधा समा

# फाग लोकोत्सव का अंतिम दिन कल से महामाई मेले का होगा




**सिरोंज।** ग्राम वीरपुर पंचायत चौड़ाखेड़ी में आयोजित तीन दिवसीय फाग लोकोत्सव का आज अंतिम दिन है। प्रतिवर्ष की भांति आयोजित इस लोकोत्सव में क्षेत्रीय लोक कलाकारों द्वारा लोकगीत, बधाई, राई और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया जा रहा है। लोकोत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध लोक कलाकार बब्लू रंगीला और नेहा दिशोरिया ने अपनी लोकगीत एवं राई नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे और देर रात तक लोक संगीत का आनंद लेते रहे। दूसरे दिन देशराज नरवरिया और उनकी टीम ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लोकोत्सव के अंतिम दिन आज जित्तू खरे बादल और उनकी टीम अपनी प्रस्तुति देंगे। फाग लोकोत्सव के समापन के साथ ही प्रतिवर्ष की भांति चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम वीरपुर स्थित श्री महामाई माता मंदिर परिसर में श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं विशाल मेले का आयोजन प्रारंभ होगा, जो 14 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा। आयोजन के पहले दिन देश की लोकप्रिय भजन गायिका संजो बघेल अपनी भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगी। तो वही महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित नलिनी कांत शर्मा रहेंगे। जिनके मार्गदर्शन में पूरे महायज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार 14 मार्च को घट स्थापना, गणेश पूजन और मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा तथा रात्रि में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजन के दौरान 14 से 18 मार्च तक प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकनाट्य और देवी-देवताओं से जुड़े धार्मिक आयोजन होंगे एवं 19 मार्च वर्ष प्रतिपदा से यज्ञ प्रारम्भ होगा जो की प्रतिदिन रहेगा।

## संस्कार सेना की विशेष बैठक में लिया बड़ा निर्णय, संस्था की मजबूती के लिए पदाधिकारी करेंगे प्रतिमाह सहयोग



**सिरोंज।** माता-पिता के प्रति समर्पित संस्कार सेना के पदाधिकारीयों की संस्थापक हरभजन जांगड़े ने स्पेशल बैठक ली। जिसमें उन्होने बताया कि संस्कार सेना क्यों बनाई गई इसकी आवश्यकता क्यों पड़ी और इसे कैसे भारत के कोने कोने में पहुंचाकर हर घर में माता-पिता के सम्मान की अलख जगाना है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारीयों ने पहली बार संस्कार सेना के निर्माण के इतिहास को जाना तो सभी ने 100 रुपए से लेकर 2100 रुपए तक प्रतिमाह सहयोग करने का आश्वासन दिया। सर्वप्रथम संस्कृति प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव कपूर नागर ने राशि तत्काल प्रभाव से देने की बात करते हुए 100 रु नगद जमा किए तो राष्ट्रीय महासचिव हेमंत सोगानी ने 2100 रुपए,कुलदीप सिंह ने 500 रुपए एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संस्कृति प्रकोष्ठ राजेंद्र बिरोले,प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सिंह,प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ श्रीमती राजकुमारी जैन,भोपाल जिला अध्यक्ष राजेंद्र नाईक,रायसेन जिला अध्यक्ष थान सिंह मालवीय,पूर्व जिला अध्यक्ष बबलू वर्मा,पत्रकार प्रकाश दुबे,मीडिया प्रभारी विनोद कुशवाह ने तत्काल सो सो रुपए की राशि जमा करते हुए प्रतिमाह सहयोग करने का आश्वासन दिया। वही निर्णय लिया गया कि 30 मार्च के पूर्व भारत के सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति करना है। इसके लिए राज्यों के प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे तथा आगामी बैठक 21 मार्च को जयपुर में आयोजित की जाएगी। इस मौके पर राष्ट्रीय मुख्य सचिव अलका धुर्वे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## केडीबीएम महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित



सिरोंज। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार केडीबीएम महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, कल्याण एवं आत्महत्या के बढ़ते प्रकरणों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ह्लतनाव प्रबंधनह्व विषय पर एक प्रेरक एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच विकसित करने व मानसिक संतुलन बनाए रखने तथा जीवन की चुनौतियों का धैर्य और आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम एवं नवाचार गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में एलबीएस कॉलेज के काउंसलर नरेंद्र दांगी उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के बढ़ते दबाव, प्रतिस्पर्धा और भविष्य की चिंताओं के कारण विद्यार्थियों में मानसिक तनाव का बढ़ना स्वाभाविक है, किंतु यदि समय रहते सही मार्गदर्शन और संतुलित जीवनशैली अपनाई जाए तो इस तनाव को सकारात्मक ऊर्जा में बदला जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, संतुलित दिनचर्या, सकारात्मक सोच तथा नियमित व्यायाम अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास,धैर्य और सकारात्मक दृष्टिकोण ही जीवन की कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलने का सबसे प्रभावी मार्ग है।

## जामा मस्जिद में तरावीह कुरआन पाक मुकम्मल



**सिरोंज।** रमज़ानुल मुबारक के पाक महीने की अहम सुन्नत नमाज़ तरावीह बरोज़ मंगल 20वा रोज़ा 21बी शब को जामा मस्जिद भौंरिया में तरावीह में कुरआन पाक पूरा हुआ। आखिर में पूरे मुल्क के लिये अमन चैन सूकून की दुआ की गई। रमज़ानुल मुबारक के पाक महीने पर हाफ़िज़ि अब्दुल कदीर ने बयान करते हुए कहा कि अल्लाह ताला ने अपने बंदों पर बेशुमार नेमतें नाजिल की हैं जिनमें से एक बहुत बड़ी नेमत रमजान उल मुबारक का बा बरकत महीना है यह महीना रहमत मग्फिरत और जहन्नम से निजात का जरिया है जिसमें अल्लाह ताला अपने बंदों पर बेपनाह फजलों करम फरमाता है। कुरान मजीद और अहादीसे मुबारका में रमजान उल मुबारक की फजीलत और बरकत का तफसीर से जिक्र किया गया है। चुनाचें यही वह मुबारक महीना है जिसमें सबसे अफजल किताब कुराने करीम नाजिल हुई यही वह महीना है जिसके रोजे का सवाब खुद अल्लाह ताला ने अपने ज़िम्में में लिया है रमजान ही वह महीना है जिसमें सरकश शयातीन को बेड़ियों में जकड़ दिया जाता है। जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं रोजाना लाखों गुनाहगारों कि मग्फिरत का ऐलान किया जाता है रमजान ही रोजे,तरावीह व एतेकाफ का महीना है इसी महीने में वह मुबारक रात होती है जिसकी इबादत हजार महीनों से अफजल है वो रात शब कदर की रात है। और रमजानुल मुबारक ही वह महीना है जिसके इस्तकबाल के लिए जन्नत को 11 माह पहले से सजाया जाता है और जिस महीने को पाने के लिए आका ए दो जहां मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम रजब के चांद देखने के साथ ही दुआ करते थे और शाबान को रमजान की तैयारी में गुजारते थे।

## जनगणना 2027 का निरीक्षण...



**सिरोंज।** जिला कलेक्टर एंव प्रमुख जनगणना अधिकारी विदिशा के निर्देश अनुसार जनगणना निदेशालय द्वारा नगर पालिका परिषद सिरोंज के वार्ड प्रभारी द्वारा जनगणना 2027 मकान,भवन,नंबर,अंकित करने का निरीक्षण सुश्री दीक्षा गृह विभाग द्वारा किया गया। इस मौके पर निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू एवं जनगणना लिपिक को आवश्यक निर्देश से प्रेषित किया।

## कलश शोभायात्रा निकाले जाने के बाद शुरू होगी कथा

**बरेली।** कथाओं की नगरी में नवरात्रि पर्व से पूर्व ही आज 13 से 19 मार्च तक 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। कथा प्रारंभ होने से पूर्व मानस भवन से कथा स्थल हरिओम नगर तक कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। नये वर्ष 2026 जनवरी से अभी तक नगर के विभिन्न हिस्सों में लगभग एक दर्जन भागवत कथाओं के आयोजन हो चुके है। आज 13 मार्च से प्रारंभ हो रही 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भोपाल से पधारे कथा व्यास आचार्य सुरेन्द्र कृष्ण शोस्त्री द्वारा प्रतिदिन भागवत कथा के प्रमुख कथा प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

# सर्वर डाउन, धीमी गति से गेहूं बेचने के नहीं हो पाए पंजीयन

### गेहूं पंजीयन की तिथि तक बनी रहीं बाधाएं, तिथि बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

पहले 7 मार्च और फिर 10 मार्च तक समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने पंजीयन होना था। बाड़ी, बरेली, उदयपुरा तहसीलों में हजारों किसानों द्वारा मुख्य रूप से गेहूं की खेती कर लाखों कुंटल गेहूं का उत्पादन कर समर्थन मूल्य पर तोला बेचा जाता है।


8 फरवरी से 7 मार्च पंजीयन के दौरान फसल गिरदावरी और सर्वर डाउन की समस्या से किसानों के बहुत कम पंजीयन हो पाए हैं। सरकार द्वारा पंजीयन की तिथि 10 मार्च तक बढ़ाई गई इसके बाद भी हजारों किसान पंजीयन कराने से वंचित रह गए हैं।



फसल गिरदावरी दर्ज न होने के साथ पंजीयन के लिए सर्वर डाउन धीमी गति और कोली अनुबंध 1000 रूपए की स्टांप पर कौली सत्यापन जैसी अनेक बाधाओ से किसान जूझते और परेशान बने रहे। पंजीयन का समय निकलता रहा 3 दिन की बड़ी अवधि में भी बहुत कम पंजीयन सर्वर की धीमी गति के कारण हुए हजारों किसान पंजीयन से वंचित बने हुए हैं। किसानों द्वारा पंजीयन की तिथि कम से कम एक सप्ताह बढ़ाए जाने की मांग की जा रही है।

## चोर गिरोह सक्रिय मंदिरों में हो रही चोरियां

# कन्हवार के श्रीराम जानकी मंदिर से चांदी के मुकुट चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

बाड़ी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कन्हवार के श्रीराम जानकी मंदिर से अज्ञात चोर 5 चांदी के मुकुट चोरी कर ले गए। जिस रात घटना हुई मंदिर के आसपास बाईक सवार और एक अज्ञात जीप भी देखी गई। श्रीराम जानकी मंदिर में चोरी की घटना से ग्राम कन्हवार सहित आसपास के ग्रामों में सनसनी फेल गई।

ग्राम कन्हवार में मंदिर में चोरी की घटना से पूर्व बाड़ी के हिंगलाज मंदिर में भी चोरी की घटना हो चुकी है। जिसके आरोपी चोर भी पकड़े जा चुके है। किसी गिरोह द्वारा मंदिरों में चोरी की घटनाओं को अनजाम दिए जाने से श्रद्धालु भक्तों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रात्रि गस्त पर सवाल उठ रहे है।

चोरी की घटना की सूचना मिलने पर डाइल 112 से पुलिस घटना स्थल मंदिर पंहुची रायसेन से दाग स्कवायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ड द्वारा भी मौके पर जाँच कर तथ्य जुटाए गए। ग्रामीणों द्वारा मंदिर से चोरी हुए चांदी के पांच मुकुट बरामत करने और चोरों को गिरफ्तार करने की मांग जोर पकड़ रही है। मंदिर में रात्रि में सुरक्षा व्यवस्था और गस्त बढ़ाने की मांग भी की जा रही है। बाड़ी पुलिस द्वारा वाहन तलाशी अभियान चला कर संदिग्ध वाहनों की तलाश की जा रही है।

# मार्च के महीना में वैशाख जैसी गर्मी, धूप दिखा रही रौद्र रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

अभी मार्च और चैत महीने की शुरुआत हुई है, परंतु होली जलने के बाद जिस प्रकार सूरज की किरणों का रौद्र रूप बना है संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र और जंगलों के पत्थर तपना शुरू हो गए हैं। मार्च की शुरुआत में पारा 40 डिग्री के पास पहुंचने का प्रयास कर रहा है। दिनों-दिन बढ़ता दिन और रात का तापमान जरा-सी असावधानी से उल्टी-दस्त, पेट दर्द, सर्दी-जुकाम, बुखार से पीड़ित मरीज सिविल अस्पताल और प्राइवेट डॉक्टर के यहां पहुंच रहे हैं।

### तेज धूप असहनीय गर्मी

10-15 दिनों पूर्व तक संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में अच्छी ठंडक थी। होली जली और सूरज की किरणों में आई तेजी अब रौद्र रूप धारण कर रही है। दिन हो या रात बड़ा तापमान उमस से



लोग मार्च के महीना में हाल बेहाल होने लगे हैं। गर्मी तेज धूप होते ही ठंडा पेय पदार्थ और मिट्टी के घरों की मांग बढ़ गई है। गर्मी के तेवर देख लोग इस वर्ष अत्यधिक गर्मी रहने के कारण कूलर, पंखे, एसी खरीदने दुकानों पर पहुंचने लगे हैं।

जिस प्रकार तेज असहनीय धूप और गर्मी का माहौल बना है, उसके असर से गेहूं, चना की फसले समय से पूर्व पीली पडने के साथ सूखने लगी हैं। क्षेत्र में चना, गेहूं की कटाई भी शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में किसानों द्वारा गेहूं की कटाई हार्वेस्टरों से निकाला दाना सुरक्षित किया जाएगा। हार्वेस्टरों एवं थ्रेसरों का गांव-गांव खेतों खेत भी पहुंचना शुरू हो गया है।

# गैस किल्लत-कमी की सिर्फ अफवाह

## कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण, मिल रहीं गैस टंकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭बरेली

घरेलू एलपीजी गैस की कमी का डर और सिर्फ अफवाहों का माहौल बना हुआ है। पिछले दो दिनों से सर्वर में तकनीकी खराबी की बाधा बनी रही। गुरुवार को कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एसपी आशुतोष गुप्ता ने इण्डेन गैस एजेंसी और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर संचालकों से चर्चा की।

### होम डिलेवरी रजिस्टर में एंट्री से वितरण

पिछले दो दिन सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी के कारण वितरण प्रभावी बना रहा। गैस टंकी मिलना बंद होने की अफवाह से गैस एजेंसी




पर भीड़ का नजारा बना रहा अब गैस एजेंसी पर ऑफलाइन रजिस्टर में एंट्री कर टंकियों का वितरण और होम डिलेवरी भी की जा रही है। गैस मिलना बंद होने की सिर्फ अफवाह ईरान युद्ध के कारण डर का माहौल ग्राहकों में बना नजर आ रहा है। इण्डेन गैस के संचालक योगेंद्र पटेल ने कहा कि एलपीजी घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है उपभोक्ताओं को रजिस्टर में एंट्री कर टंकियों का वितरण और होम डिलेवरी भी की जा रही है कलेक्टर रायसेन अरुण विश्वकर्मा आशुतोष गुप्ता ने गैस एजेंसी के साथ पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया कहा कि डीजल पेट्रोल गैस की कोई कमी नहीं है पर्याप्त स्टॉक है।

### गैस टंकियों का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध

गैस डीजल पेट्रोल की कमी नहीं है। अफवाहों के कारण लोगों द्वारा भविष्य में न मिलने या कमी की संभावना को देखते हुए स्टॉक किया जा रहा है। इसी प्रकार गैस टंकियों का भी पर्याप्त मात्रा में स्टॉक है। गैस एजेंसी संचालक योगेंद्र पटेल ने अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह सभी उपभोक्ताओं से किया है।

In The Court Of IV Additional District Judge, District Court, Vidisha
Presiding Officer: राजेश शर्मा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC/0000047/2026)
धर्मेश सेनी............... वादी
VS
सर्वसाधारण ............. प्रतिवादी
Process Id- /2026 पेशी दिनांक :06/04/2026
प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण
पता- जिला विदिशा मप्र
यह कि प्रार्थी धर्मेश सेनी ने आपके विरूद्ध एम जे सी के लिए वाद याचिका अंतर्गत हिन्दू दत्तक एवं भरण पोषण अधिनियम 1956 बावत दत्तक ग्रहण मिस्टी उर्फ रजिता शर्मा आयु लगभग 4 का वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में सबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद कि एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
राजेश शर्मा
चतुर्थ जिला न्यायाली विदिशा (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक 1047 to 1053,1112,1113,1159/PWD/2026 विदिशा दिनाँक 06/03/2026
नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | निविदा क्र. | ई टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | निविदा विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई.निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1047 | 2026_UAD _489204_1 | Construction Asphalt work at ward no 30 from trinity convent school to shri hanuman mandir vidisha municipality. | I Call | 1720762.00 | 12906.00 | 2000.00 | 03 Month | 13/04/2026 |
| 2 | 1048 | 2026_UAD _489227_1 | Consturction work of RCC Drain at ward no 14 kile ander shastri house to badi masjid vidisha | II Call | 1318295.00 | 9887.00 | 2000.00 | 03 Month | 27/03/2026 |
| 3 | 1049 | 2026_UAD _489236_1 | Construction work of RCC Culvert at ward no 27 near aganwadi kendra vidisha. | I Call | 169313.00 | 3386.00 | 1000.00 | 03 Month | 27/03/2026 |
| 4 | 1050 | 2026_UAD _489244_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 27 Ramdwara kua vali gali and devendra rathor house to jagdish yadav house vidisha | II Call | 262798.00 | 2628.00 | 2000.00 | 03 Month | 27/03/2026 |
| 5 | 1051 | 2026_UAD _489271_1 | Construction work of RCC Drain at ward no 30 Various streets vidisha | II Call | 328498.00 | 3285.00 | 2000.00 | 03 Month | 27/03/2026 |
| 6 | 1052 | 2026_UAD_ 489289_1 | Construction work of Boudary wall at ward no 23 in Swarnkar colony near police quarter vidisha | II Call | 688891.00 | 6889.00 | 2000.00 | 03 Month | 27/03/2026 |
| 7 | 1053 | 2026_UAD_ 489302_1 | Construction and beautification work cremation ground platform at ward no 33 mirzapur vidisha | I Call | 144956.00 | 2899.00 | 1000.00 | 03 Month | 27/03/2026 |
| 8 | 1112 | 2026_UAD_ 489303_1 | Repairing and beautifiaction work Teen sed and platform repair work at ward no 26 Royal City Park vidisha | II Call | 423574.00 | 4236.00 | 2000.00 | 03 Month | 27/03/2026 |
| 9 | 1113 | 2026_UAD _489305_1 | Construction Work RCC Drain at ward no 26 various streets vidisha. | II Call | 746767.00 | 7468.00 | 2000.00 | 03 Month | 27/03/2026 |
| 10 | 1159 | 2026_UAD _489306_1 | Construction Work of C.C. Road at ward no 25 brajlal lodhi house to main Road vidisha | I Call | 1351399.00 | 10135.00 | 2000.00 | 03 Month | 13/04/2026 |

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा

## खबर संक्षेप

### जिला व तहसील कोर्ट में लोक अदालत होगी कल

**रायसेन।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 14 मार्च को वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय रायसेन में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ सुबह 10.30 बजे जिला न्यायालय के सभागृह में किया जाएगा।

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 13 मार्च को

**रायसेन।** जिले के अचल संपत्ति (भूखंड/कृषि भूमि) के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु प्रस्तावित गाइड लाईन वर्ष 2026-27 की दरों के निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति जिला रायसेन की बैठक 13 मार्च को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। समिति के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा है।

### आईटीआई मंडीदीप में 16 को अप्रेंटिशिप मेला

**रायसेन।** जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मंडीदीप में 16 मार्च को प्रातः 10.30 बजे अप्रेंटिशिप मेला, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए रोजगार के अवसर एनएपीएस और एमएमएसकेवाय योजना अंतर्गत प्रदाय किए जाएंगे। अप्रेंटिशिप मेले में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत स्पेशल ड्राइव का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें वॉल्वो आयशर द्वारा सहभागिता की जाएगी तथा लगभग 50 पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा।

### भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया

**सिलवानी।** देवाधिदेव प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक पारसनाथ दिगंबर जैन समाज द्वारा गुरुवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में सुबह बुधवारा बाजार स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ का अभिषेक, पूजन, शांतिधारा और आरती सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाज के श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंदिर परिसर में समाजजनो ने भगवान आदिनाथ के आदर्श जीवन, उनके त्याग, तपस्या और मानवता को दिए संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला।
इसके बाद पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भगवान आदिनाथ की पद्मासन प्रतिमा को आकर्षक रूप से सजे विमान में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

## किला पहाड़ी पर तोप पर घमासान, कहा - कलेक्टर नहीं दे सकते तोप का लाइसेंस

**कानूनगो की सख्त चेतावनी - अब तोप चली तो अफसरों पर गिरेगी गाज**

# तोप की अनुमति पर बड़ा सवाल कलेक्टर ने कैसे दिया लाइसेंस?

**गृह मंत्रालय और पेट्रोलियम व एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन से अनुमति लेना अनिवार्य, पुरातत्व व वन विभाग की अनुमति पर उठे सवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रायसेन के ऐतिहासिक किला पहाड़ी पर रमजान के महीने में तोप चलाने की सदियों पुरानी परंपरा पर अब विवाद गहराता नजर आ रहा है। गुरुवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने तोप चलाने वाले स्थल का निरीक्षण कर बारीकी से अवलोकन किया और जिला प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए इसे तत्काल बंद करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि तोप का लायसेंस देने का अधिकारी कलेक्टर को नहीं है यह कानून का सरासर उल्लंघन है। उन्होंने तोप चलाने की अनुमति देने पर प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए। कानूनगो ने कहा कि यदि यह तोप है तो इसकी बैरल कितनी है, उसके अनुसार क्या एक्प्लोसिव भरकर चलाया जा रहा है। इसमें जो भी केमिकल भरकर चलाया जा रहा है, उसकी जांच होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा लाइसेंस देने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय और पेट्रोलियम एवं एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन से अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने तत्काल तोप का संचालन बंद कर इसे उक्त स्थान से हटाने के निर्देश दिए। कानूनगो ने कहा कि यदि आज के बाद तोप चली तो कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### वायरल वीडियो ने पकड़ा था तूल

किला पहाड़ी पर रमजान के दौरान तोप चलाकर इफ्तारी और सेहरई के समय की सूचना देने की परंपरा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह मामला इसलिए सुर्खियों में आया कि कुछ दिन पहले रायसेन और भोपाल के कुछ युवाओं ने तोप चलाते हुए ईरान के समर्थन में नारेबाजी करते वीडियो बनाया था, उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और मामला राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग तक पहुंच गया। हालांकि पुलिस ने वीडियो बनाने वाले चार युवकों को उसी रात गिरफ्तार भी कर लिया था।

### पुरातत्व और वन विभाग नहीं दिखा पाए एनओसी

निरीक्षण के दौरान प्रियंक कानूनगो ने पुरातत्व विभाग के अधिकारियों से तोप चलाने के लिए जारी की गई एनओसी की कॉपी मांगी। विभाग के मौजूद अधिकारी एनओसी नहीं दिखा पाए। वहीं वन विभाग भी किसी प्रकार की एनओसी दिखाने में अक्षम रहा। बल्कि अधिकारी यह जताने का प्रयास करते रहे कि उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं है। जबकि तोप का संचालन विभाग के अधीन किले के सौ मीटर के दायरे में हो रहा है। यही विभाग सांची स्तूप पहाड़ी पर तीन सौ मीटर दायरे में किसी को एक कदम नहीं रखने देता। वहीं रायसेन किला के पास तोप चलाने के अलावा अतिक्रमण से विभाग अंजान है।





### संरक्षित क्षेत्र में तोप चलाना विधि संगत नहीं, तोप चलाने वाले को भी जान का खतरा

प्रियंक कानूनगो ने सवाल खड़ा किया कि तोप चलाने के लिए जो भी केमिकल उपयोग किया जा रहा है, वह कहां से उपलब्ध हो रहा है और कौन सा केमिकल है। प्रशासन द्वारा तोप चलाने के लिए दी गई अनुमति में इसका कोई उल्लेख नहीं है। कानूनगो ने कहा कि यह स्थान पुरातत्व विभाग के संरक्षित क्षेत्र के सौ मीटर के दायरे में है। यह टाइगर के मूवमेंट का क्षेत्र है, पास ही घनी बस्ती लगी है। ऐसे में वन और पुरातत्व दोनों विभागों की अनुमति होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यहां बिना किसी पुलिस सुरक्षा के तोप चलाई जा रही है। कलेक्टर द्वारा इसकी अनुमति देना विधि संगत नहीं है। इस दुर्गम पहाड़ी पर हमारे जो भी भाई तोप चलाते हैं, यदि उनके साथ कोई घटना यहां हो जाए तो उनकी जान पर बन आएगी। कलेक्टर ऐसी कोई अनुमति नहीं दे सकते जहां तोपची की जान पर ही खतरा हो। यदि अब यहां तोप चलाई जाती है तो यह कलेक्टर द्वारा जानते बूझते की जाने वाली लापरवाही होगी। ग्रह मंत्रालय को कार्रवाई के लिए अनुशंसा करेंगे।

### तैनात रहे पुलिस अधिकारी और जवान

◆ तोप स्थल पर गुरुवार को किसी भी तरह की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सजग सतर्क रहा। किले पर तोप से जुड़े मामले को लेकर चल रही चर्चा के बीच पुलिस अधिकारी और जवान मौके पर तैनात रहे तथा पूरे क्षेत्र में निगरानी बनाए रखी गई।



### कानूनगो से सीधी बात

### अनुमति को निरस्त कर तोप नहीं हटाई, तो कलेक्टर और एसडीएम पर होगी कार्रवाई

आज मेरे द्वारा तोप स्थल का निरीक्षण किया, जहां पर कलेक्टर द्वारा जारी की गई अनुमति दिखाई गई। प्रथम दृष्टयता यहां पर तोप चलाना विधि संगत प्रतीत नहीं होता। कलेक्टर द्वारा जो परमिशन दी गई है, वह कानून का उल्लंघन प्रतीत होता है। कलेक्टर को जिन आर्म्स का लायसेंस देने का अधिकार है, उनमें तोप शामिल नहीं है। हमको उन दस्तावेजों में एएसआई, पीएसओ, वन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा कोई एनओसी नहीं दिखाई गई। अगर कलेक्टर द्वारा अवैध अनुमति को निरस्त कर तोप नहीं हटाई जाएगी, तो कलेक्टर और एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



■ प्रियंक कानूनगो सदस्य, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग।

### तीनों विभाग आपस में बैठकर तय करें कि गलती किसकी है : कानूनगो

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने कहा कि इस मामले में इतने सारे कानूनों का उल्लंघन है कि यदि हम कार्रवाई करने पर आएंगे तो धाराएं कम पड़ जाएंगी। उन्होंने प्रशासन, पुलिस और पुरातत्व विभाग को सलाह दी कि आपस में बैठकर तय कर लो किसी गलती है, उसे सुधार लो।

## पपीता लेकर यूपी जा रहे चलते ट्रक में अचालक लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल विदिशा हाइवे पर बीती देर रात उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया, जब एक ट्रक में आग लग गई। गनीमत रही कि ट्रक ड्राइवर और क्लीनर ने समय रहते अपनी जान बचा ली।

जानकारी मिलते ही सलामतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि बीती देर रात हाइवे के बेरखेड़ी चौराहे पर शहादा महाराष्ट्र से अशोक लीलैंड ट्रक आरजे 11 जीडी 1303 जो पपीता भरकर बनारस उत्तर प्रदेश जा रहा था। अचानक चलते हुए ट्रक में पपीतों के ऊपर ढकी तिरपाल में आग लग गई। जिससे ट्रक ड्राइवर आकाश ब्राह्मण पिता सखाराम उम्र 32 निवासी जुलवानिया जिला बड़वानी और साथ में मौजूद क्लीनर घबरा गए और ट्रक रोक कर तत्काल ग्रामीणों से मदद मांगी।

इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों की मदद से आग बुझा दी गई। आगजनी में कोई जनहानि नही हुई। संभावना जताई जा रही है कि ट्रक के तिरपाल में शादी समारोह की आतिशबाजी से आग लग सकती है।

## किशोरी बालिका सुरक्षा पर प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को संभागीय संयुक्त संचालक भोपाल द्वारा दिए निर्देशों के पालन में जिले में संचालित शासकीय स्कूलों के प्राचार्य का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम डाइट भवन में आयोजित किया गया। जिसमें लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोरी बालिका सुरक्षा एवं कार्य स्थल पर महिलाओं पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक तथा महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार जैन द्वारा कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य बताया। साथ ही मास्टर्स ट्रेनर्स नेहा चतुर्वेदी द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

## एसडीएम और तहसीलदार ने गैस एजेंसियों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम अंकित जैन एवं तहसीलदार नरेश राजपूत, थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने नगर की गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में उन्होंने स्टॉक रजिस्टर की जांच की और सिलेंडरों की उपलब्धता का जायजा लिया।

एसडीएम ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में घरेलू गैस का पर्याप्त भंडारण मौजूद है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। वही तहसीलदार नरेश राजपूत और थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने संयुक्त रूप से हरदौट गैस गोदाम का निरीक्षण किया, प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैस की कमी के संबंध में फैल रही भ्रामक अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें। एसडीएम ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी वितरक कालाबाजारी या निर्धारित दर से अधिक वसूली करते पाया गया, तो उसका लाइसेंस निरस्त कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




## 20 वर्षीय युवक की दोनों किडनी फेल, इलाज के लिए 20 लाख की जरूरत, मदद की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के निवासी राजेश शाक्य के पुत्र 20 वर्षीय लोकेश पिछले दो साल से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। जानकारी के अनुसार करीब दो वर्ष पहले अचानक तबीयत खराब होने पर जांच में सामने आया कि लोकेश की दोनों किडनी फेल हो चुकी हैं। तब से लेकर आज तक उन्हें जीवित रहने के लिए हर हफ्ते दो बार भोपाल के पिपलानी स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में डायलिसिस करवाने जाना पड़ रहा है।

लोकेश ने बताया कि हर हफ्ते दो बार डायलिसिस के लिए भोपाल बस से सफर करना पड़ता है।



परिवार के अनुसार डॉक्टरों ने लोकेश के किडनी ट्रांसप्लांट के लिए करीब 15 से 20 लाख रुपये खर्च बताया है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार इतना बड़ा खर्च उठाने में असमर्थ है, जिसके चलते लोकेश की जिंदगी संकट में बनी हुई है।

लोकेश के पिता राजेश शाक्य मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि मजदूरी के दौरान ही बेटे की तबीयत बिगड़ने की खबर मिलती है तो उन्हें काम छोड़कर तुरंत भोपाल ले जाना पड़ता है।

कुछ दिन पहले लोकेश के पिता ने दीवानगंज गांव और पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लोगों से चंदा इकट्ठा कर बेटे को इलाज के लिए दिल्ली भी ले गए थे, लेकिन वहां से भी अभी तक कोई विशेष राहत नहीं मिल सकी है।

लोकेश की मां रामवती बाई अपने बेटे को किडनी देने के लिए तैयार हैं, लेकिन ऑपरेशन और इलाज का खर्च ज्यादा होने के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है।

**कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा में तीन दिवसीय किसान मेला हुआ शुरू**

# किसान मेला में आए किसानों को नहीं मिला भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा योजना) के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा में तीन दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ गुरुवार को सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान पहुंचे, लेकिन मेले के पहले ही दिन भोजन व्यवस्था को लेकर विवाद खड़ा हो गया। किसानों का आरोप है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने तो भरपेट भोजन किया, जबकि कई किसान भोजन के लिए मुंह ताकते रह गए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, कृषि स्थायी समिति के सभापति लोकेश मिश्रा, जनप्रतिनिधि ऊषा सोनू मीणा, जनपद सदस्य मनीष चौकसे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र बघेल, आयुष चिकित्सा अधिकारी सीमा चौधरी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



### भोजन को लेकर अव्यवस्था

मेले के दौरान भोजन व्यवस्था को लेकर कई किसानों में नाराजगी भी देखने को मिली। किसान लालाराम दुर्गापुरा, संतोष कुमार रजक घाट खमरिया, बाबूलाल कुशवाहा भानपुर ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों को बुलाया गया, लेकिन भोजन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई। कई किसान भोजन की उम्मीद में इंतजार करते रहे, जबकि मंच पर मौजूद जनप्रतिनिधि और अधिकारी भोजन कर कार्यक्रम से रवाना हो गए। बाकी किसान भूखे प्यासे आयोजकों को कोसते नजर आए।




### किसानों को दी आधुनिक खेती अपनाने की सलाह

विधायक डॉ.चौधरी ने कहा कि जिले के किसान फसल विविधीकरण अपनाएं। धान-गेहूं के साथ नकदी फसल, उद्यानिकी फसल और औषधीय फसल की खेती करने से आय बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सीमित भूमि में उन्नत किस्म, जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाकर भी किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से नरवाई में आग नहीं लगाने की अपील करते हुए कहा कि गेहूं की कटाई के बाद खेतों में आग न लगाए।

## श्रीमद् भगवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**सिलवानी।** तहसील के सियरमऊ ग्राम में गुरुवार से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ कथा वाचक सत्यम मधुरम महाराज के मुखारविंद्र से किया गया। कथा से पूर्व गुरुवार को ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ग्राम के शाह परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कथावाचक पंडित सत्यम मधुरम महाराज ने कथा में प्रथम दिन बताया कि कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता, करुणा और आपसी सम्मान का मार्ग दिखाता है।

उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाता है और किसी को छोटा नहीं समझता। यही सनातन की असली पहचान है कि वह समभाव और सहिष्णुता का संदेश देता है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन (म.प्र.)**

क्र/168 / न.पा./ निर्माण/2025-26, रायसेन, दिनांक 10.03.2026

-: ई-निविदा सूचना :-

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_ 489144_1 Dt. 10.03.2026 | CONSTRUCTION OF ABC CENTER AT WARD NO 18 KHERABAD NAGAR PALIKA RAISEN | 180 Days & 61.51 | 10,000.00 & 46,150.00 | Dt. 11.04.2026 |
| 02 | 2026_UAD_ 489160_1 Dt. 10.03.2026 | TENDER FOR CASTRATION AND VACCINATION OF STREET DOG AT THE NAGAR PALIKA RAISEN | 180 Days & 10.00 | 2,000.00 & 10,000.00 | Dt. 28.03.2026 |

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमति सविता जमना सेन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन